शनिवार
13 जनवरी 2023

# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज



अपनी अभिरुचि के अनुसार करियर चुनने को प्राथमिकता दें छात्र : डीएम 2



### प्रधानमंत्री ने देशवासियों से किया आह्वान

# श्रमदान कर सभी मंदिरों को बनाएं स्वच्छ : मोदी

- नासिक में आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम को पीएम ने किया संबोधित
- बोले- मैं देशवासियों से आग्रह फिर दोहराऊंगा कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठ के पावन अवसर पर देश के सभी मंदिरों, तीर्थ क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाएं

एजेंसी/मुंबई

महाराष्ट्र दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नासिक में कालाराम मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद पीएम ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आज का ये दिन भारत की युवाशक्ति का दिन है। ये दिन उस महापुरुष को समर्पित है, जिसने गुलामी के कालखंड में भारत को नई ऊर्जा से भर दिया था। उन्होंने कहा कि ये मेरा सौभाग्य है कि स्वामी विवेकानंद की जयंती पर मैं आप सब नौजवानों के बीच नासिक में हूं। मैं आप सभी को 'राष्ट्रीय युवा दिवस' की शुभकामनाएं देता हूं। मैंने आह्वान किया था कि 22 जनवरी तक हम सभी देश के तीर्थ स्थानों की, मंदिरों की साफ सफाई करें, स्वच्छता का अभियान चलाएं। आज मुझे कालाराम मंदिर में दर्शन करने का और मंदिर परिसर में सफाई करने का सौभाग्य मिला है। मैं देशवासियों से अपना आग्रह फिर दोहराऊंगा कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर के निमित्त देश के सभी मंदिरों, तीर्थ क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाएं, अपना श्रमदान करें।

उन्होंने कहा कि श्री अरबिंदो कहते थे कि अगर भारत को अपने लक्ष्य पूरे करने हैं, तो भारत के युवाओं को एक स्वतंत्र सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। स्वामी विवेकानंद जी भी कहते थे कि भारत की उम्मीदें भारत के युवाओं के चरित्र और उनकी प्रतिबद्धता पर टिकी है। श्री अरबिंदो और स्वामी विवेकानंद का ये मार्गदर्शन आज 2024 में भारत के युवा के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा है।समय हर किसी को अपने जीवनकाल में एक सुनहरा मौका जरूर देता है। भारत के युवाओं के लिए वो सुनहरा मौका अभी है, अमृतकाल का ये कालखंड है। आज आपके पास मौका है इतिहास बनाने का, इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने का। आप ऐसा काम करिए कि अगली शताब्दी में उस वक्त की पीढ़ी आपको याद करे। आप अपने नाम को भारत और पूरी दुनिया के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिख सकते हैं।



### वंशवाद की राजनीति देश के लिए घातक

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए वंशवाद की राजनीति को देश के लिए घातक बताते हुए युवाओं से राजनीति में आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत आज शीर्ष पांच वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और यह युवा शक्ति के कारण संभव हुआ है। पहली बार मतदान करने वाले युवा हमारे लोकतंत्र में नई ऊर्जा और शक्ति ला सकते हैं। उन्होंने कहा, भारत लोकतंत्र की जननी है। लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी जितनी अधिक होगी, देश का भविष्य उतना ही बेहतर होगा। युवा सक्रिय राजनीति में आएंगे तो वंशवाद की राजनीति कम होगी। वंशवादी राजनीति के कारण देश को बहुत नुकसान हुआ है।

### देश के सबसे लंबे समुद्री पुल का किया उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश के सबसे लंबे समुद्री पुल अटल बिहारी वाजपेई शिवड़ी–न्हावा शेवा नामक अटल सेतु का उद्घाटन किया। इस पुल के निर्माण से मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को कनेक्टिविटी आसान हो जाएगी। देश के सबसे बड़े समुद्री पुल मुंबई ट्रांसहार्बर लिंक परियोजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी ने दिसंबर 2016 में किया था। पुल का निर्माण 17,840 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। यह पुल लगभग 21.8 किमी लंबा और 6–लेन वाला है। अब मुंबई से पुणे, गोवा और दक्षिण भारत की यात्रा में लगने वाला समय कम हो जायेगा।

# अयोध्या में प्रतिदिन 30 हजार श्रद्धालुओं के रुकने की होगी व्यवस्था

- होटलों में 7200, धर्मशाला-गेस्ट हाउस में 11818, होमस्टे-पेइंग गेस्ट में 400, टेंट सिटी-आश्रय स्थलों में 5400 व डॉरमेट्री में 700 बेड्स की तात्कालिक व्यवस्था कराई गई सुनिश्चित

केटी न्यूज/अयोध्या



22 जनवरी को श्रीरामलला अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। कई सदियों के बाद कलियुग में यह अवसर आने वाला है। कभी फटे तिरपाल में रहे अयोध्या के लला की अपने महल में प्राण-प्रतिष्ठा होगी तो उनके दर्शन के लिए समूचे भारत व दुनिया से श्रद्धालु उमड़ेंगे। विगत कई महीनों में अनेक राज्यों का दौरा कर चुके उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मेजबान के रूप में 22 जनवरी के बाद लोगों को आमंत्रित भी कर चुके हैं। लिहाजा उनके रहने-खाने, रुकने, साफ सफाई की मुकम्मल व्यवस्था हो, इसके लिए सीएम योगी ने खुद खाका तैयार कर अफसरों को टास्क दे दिया है। योगी सरकार के निर्देश पर शासन-प्रशासन स्तर पर फिलहाल प्रतिदिन 30 हजार लोगों के रुकने की व्यवस्था की जा रही है। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए इसमें और इजाफा भी किया जाएगा। विगत दिनों रामनगरी आए योगी आदित्यनाथ ने निरीक्षण व समीक्षा बैठकों में साफ-सफाई, आतिथ्य स्वागत व अच्छा व्यवहार हर हाल में सुनिश्चित करने को कहा था।

### होटल, धर्मशाला, होम स्टे, टेंट सिटी में की जा रही व्यवस्था

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन श्रद्धालुओं व पर्यटकों के रुकने की चाक-चौबंद तैयारी कर रहा है। इसके लिए होटल, धर्मशाला-गेस्ट हाउस, होम स्टे-पेइंग गेस्ट, टेंट सिटी-आश्रय स्थल, डॉरमेट्री आदि में व्यवस्था की जा रही है। फिलहाल तैयारी के अनुसार वर्तमान में 60 होटलों में 40 कमरों के हिसाब से 7200 पीपीडी (पर्सन पर डे) को रोका जाएगा। 171 धर्मशाला-गेस्ट हाउस में 17 हॉल व 2742 कमरों की अनुमानित व्यवस्था है। 2742 कमरों में चार लोगों तथा 17 हॉल में पांच लोगों के ठहरने की व्यवस्था के अनुरूप माना जा रहा है कि 11818 पीपीडी रामनगरी में रुककर दर्शन-पूजन कर सकते हैं।

**होम स्टे-पेइंग गेस्ट में 570 संपत्तियां हुईं ऑन बोर्ड :** होम स्टे-पेइंग गेस्ट योजना के तहत भी अयोध्या में काफी कार्य हो चुका है। फिलवक्त यहां 570 संपत्तियां ऑन बोर्ड हो चुकी हैं। प्रति होम स्टे में चार कमरे और दो पीपीआर (पर्सन पर रेशियो) के हिसाब से प्रतिदिन 4400 लोगों के रुकने की व्यवस्था कराई जा रही है। फिलहाल सरकारी स्तर पर 200-200 लोगों की व्यवस्था वाली दो टेंट सिटी तथा तीन आश्रय स्थलों में 5100 व्यक्ति यानी कुल 5400 लोगों के रुकने की व्यवस्था कराई जा रही है। वहीं डॉरमेट्री की व्यवस्था के अनुरूप तीन व्यावसायिक संकुल में प्रस्तावित डॉरमेट्री में 700 बेड्स की व्यवस्था सुचारू रूप से की हो रही है।

**रुकने वाले यात्रियों की संख्या में वृद्धि के मद्देनजर भी की जा रही तैयारी :** सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रशासनिक स्तर पर की जा रही व्यवस्था के अलावा राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट व अन्य आनुसांगिक संगठनों की तरफ से हो रही व्यवस्था में भी और वृद्धि करने का आग्रह किया था। प्रतिदिन 30 हजार लोगों के रुकने की व्यवस्था में और वृद्धि होगी। इस लिहाज से तैयारियों को बढ़ाया जाए।

# इंडिया गठबंधन की बैठक आज नीतीश बन सकते हैं संयोजक

केटी न्यूज/पटना

इंडिया गठबंधन की बैठक शनिवार को होगी। वर्चुअल मीटिंग में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, आरजेडी प्रमुख लालू यादव और तेजस्वी यादव के अलावा उद्धव ठाकरे, संजय राउत भी शामिल होंगे। संभव है कि जेडीयू प्रमुख और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इस बैठक में शामिल हों। इस बैठक में जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के इस गठबंधन का संयोजक बनने की घोषणा हो सकती है। इस बैठक में सीट शेयरिंग के मुद्दे पर भी चर्चा होने की संभावना है।

खासकर बिहार और उत्तर प्रदेश को लेकर इंडिया गठबंधन में अभी तक बात नहीं हुई है। सहयोगी दलों के बीच बयानबाजी तेज है। बिहार में जेडीयू पहले ही साफ कर दिया है कि 16 सीट से कम उसे मंजूर नहीं है। नीतीश कुमार को इंडिया गठबंधन का संयोजक बनाए जाने के प्रस्ताव का समर्थन लालू यादव की पार्टी कर रही है। कई मौकों पर तेजस्वी यादव भी कह चुके हैं। वहीं जेडीयू पहले दिन से कह रही है कि नीतीश कुमार को गठबंधन का संयोजक बनाया जाए।

### बैठक में वन टू वन फॉर्मूले पर बात

बैठक में वन टू वन फॉर्मूले पर बात होने की संभावना है। नीतीश कुमार पहले से ही कहते आ रहे हैं कि बीजेपी के एक के मुकाबले विपक्ष का एक उम्मीदवार दिया जाए। वैसे पहले ही साफ कर दिया गया है कि बीजेपी के खिलाफ इंडिया गठबंधन की ओर से एक ही उम्मीदवार खड़ा किया जाएगा। हालांकि अभी तक सीट बंटवारा नहीं हो सका है। यही कारण है कि घटक दल जल्द से जल्द सीट बंटवारे की मांग कर रहा है।

# 10 मंजिला होगा पटना का ऑफिसर्स फ्लैट

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में लोहिया पथचक्र का किया निरीक्षण
- बिहार संग्रहालय के सामने बनने वाले ऑफिसर्स फ्लैटों के बारे में भी ली जानकारी

केटी न्यूज/पटना



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को पटना में लोहिया पथचक्र का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लोहिया पथचक्र पर रुककर उसके अगल-बगल बचे हुए भागों को देखा। मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत को निर्देश देते हुए कहा कि पथ के अगल-बगल के बचे हुए भागों में ठीक ढंग से पौधरोपण कराएं। इसे व्यवस्थित और साफ-सुथरा रखें, ताकि यह क्षेत्र सुंदर दिखे। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय के सामने रुककर नए बनने वाले ऑफिसर्स फ्लैटों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को बताया कि पुराने ऑफिसर्स फ्लैटों की जगह पर नए 10 मंजिला भवन का निर्माण कराया जाएगा। उसके आगे पार्क भी बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि बेहतर 10 मंजिला भवन बनाएं, ताकि इसमें अधिकारियों और कर्मचारियों को रहने की बेहतर सुविधा मिल सके। फ्लैट के आगे जब पार्क बन जाएगा तब इस क्षेत्र का दृश्य और सुंदर लगेगा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बिहार संग्रहालय बनाया गया है। इसके अगल-बगल में सब कुछ व्यवस्थित रहने से पूरा क्षेत्र आकर्षक दिखेगा। यहां पर ऊंचे फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कराएं, ताकि बिहार संग्रहालय आने वाले लोग ऑफिसर्स फ्लैट की ओर पार्क में भी सुविधापूर्वक जा सकें और उधर से भी लोग बिहार संग्रहालय आसानी से आ सकें। पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑफिसर्स फ्लैट पुराना है, जहां अभी कम लोग रह पाते हैं। इसकी जगह पर यहां बहुत सुंदर भवन बनेगा, जिसमें ज्यादा लोग रह सकेंगे। इन सब चीजों का निर्माण कार्य दो-तीन वर्ष के अंदर पूरा करने को हमने कहा है।

# साढ़े 7 साल बाद मिला लापता हुए विमान एएन-32 का मलबा


एजेंसी/कोलकाता

भारतीय वायुसेना के 2016 में लापता हुए विमान एएन-32 का मलबा तकरीबन साढ़े 7 साल बाद बंगाल की खाड़ी में करीब 3.4 किलोमीटर की गहराई पर मिला है. लापता हुए इस विमान में 29 कर्मी सवार थे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हाल ही में राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान के ऑटोनॉमस अंडरवाटर व्हीकल द्वारा ली गई तस्वीरों से पता चला कि चेन्नई तट से 310 किमी दूर समुद्र में मिला मलबा एएन-32 विमान का है। मंत्रालय की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, तस्वीरों की पड़ताल की गई जो एएन-32 विमान के अनुरूप पाई गईं। संभावित दुर्घटना स्थल पर यह खोज, इस क्षेत्र में किसी अन्य विमान के लापता होने की कोई खबर न होने से, संभवतः भारतीय वायुसेना के दुर्घटनाग्रस्त एएन-32 विमान का मलबा होने की ओर इशारा करती है। मालूम हो कि 22 जुलाई 2016 को वायुसेना के एएन-32 विमान ने चेन्नई से उड़ान भरी थी। विमान में चालक दल के सदस्यों समेत कुल 29 लोग सवार थे। विमान को पोर्ट ब्लेयर में उतरना था, लेकिन उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद इसका संपर्क एटीसी से टूट गया था और वह रडार से गायब हो गया था।

# आडवाणी बोले... मुझे नहीं पता था कि 1990 में निकाली गई रथयात्रा आंदोलन में बदल जाएगी

एजेंसी/नई दिल्ली

22 जनवरी को अयोध्या के नवनिर्मित मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। यह दिन इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा। इस दिन को देखने एक लिए हजारों रामभक्तों ने अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। हजारों लोगों ने अपना घर त्याग कर दिया। लाठियां खाई, कोर्ट में केस लड़ा। तब जाकर यह दिन आया है। 1980 के बाद राम मंदिर आंदोलन कुछ हल्का सा पड़ गया था, लेकिन इसके बाद साल 1990 में भारतीय जनता पार्टी के नेता लालकृष्ण आडवाणी ने अलग ही अलख जगा दी। उन्होंने इसके लिए गुजरात के सोमनाथ से यात्रा निकाली। इस यात्रा को 33 साल पूरे हो गए हैं। प्राण प्रतिष्ठा भी अब दूर नहीं है। इससे पहले लालकृष्ण आडवाणी ने मासिक पत्रिका राष्ट्रधर्म से बातचीत की। इसमें उन्होंने कहा कि वे श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा देखने के लिये आतुर हैं। उन्होंने कहा कि इस पल को लाने, रामलला का भव्य मंदिर बनवाने और उनका संकल्प पूर्ण कराने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बधाई के पात्र हैं।



लालकृष्ण आडवाणी अपनी रथयात्रा के अविस्मरणीय पल को याद करते हुये कहते हैं कि रथयात्रा को आज करीब 33 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। 25 सितंबर, 1990 की सुबह रथयात्रा आरम्भ करते समय हमें यह नहीं पता था कि प्रभु राम की जिस आस्था से प्रेरित होकर यह यात्रा आरम्भ की जा रही है, वह देश में आंदोलन का रूप ले लेगा।

### लखनऊ में आयोजित श्रीरामोत्सव–सबके राम' विषय पर कार्यक्रम में शामिल हुए उप्र के सीएम

# अयोध्या का भव्य दीपोत्सव आज राष्ट्रीय उत्सव बन चुका है: योगी

केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम और लीलाधारी भगवान श्री कृष्ण ने भारत की जो सीमा तय की थी वही आज भी है। प्रभु श्री राम ने उत्तर से दक्षिण तो श्रीकृष्ण ने उत्तर से पश्चिम को जोड़ा था। हजारों वर्ष पहले भारत में राजनीतिक इकाइयां भले ही अलग-अलग थीं, लेकिन सांस्कृतिक एकता एक थी। उन्होंने कहा कि दुनिया को विश्व मानवता की आस्था के सम्मान का मार्ग भी भारत ने ही दिखाया। यह हर कालखंड में हुआ है और यही स्थिति अयोध्या के अंदर आज हम सभी को देखने को मिल रही है।

सीएम योगी फार्च्यून होटल में 'श्रीरामोत्सव-सबके राम' विषय पर एक मीडिया हाउस द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि केरल से निकला एक संन्यासी भारत के चार कोनों में चार पीठों की स्थापना कर देता है। किसी भी राजा रजवाड़े ने उनको रोका नहीं, बल्कि उनका सम्मान किया। कपिलवस्तु का एक राजकुमार सन्यासी बनाकर ज्ञान का उपदेश देता है, उनके लिए सभी राज्यों के राजा-राजवाड़े अपने पलक पावड़े बिछा देते हैं। यह भारत है, जो आस्था का सम्मान करता है।

2017 में प्रारंभ हुआ अयोध्या का भव्य दीपोत्सव आज राष्ट्रीय उत्सव बन चुका है। पिछले वर्ष दीपोत्सव के कार्यक्रम में 54 देशों के राजदूत भागीदार बने थे। उन्होंने कहा कि आज अयोध्या में 24 घंटे बिजली मिलती है। राम की पैड़ी में लाखों श्रद्धालु एक साथ स्नान कर सकते हैं। राम भजन संध्या स्थल बन चुके हैं। प्रभु श्री राम के नाम पर सबसे ज्यादा भजन गाने वाली सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर के नाम पर भव्य स्मारक बन चुका है। अयोध्या में सड़क, रेल और वायु कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। साथ ही हम जलमार्ग से भी अयोध्या को जोड़ रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में हमारे रैन बसेरा और डॉरमेट्री निषादराज के नाम पर तो भोजनालय माता शबरी के नाम पर होंगे। यह हमारे लिए वोट बैंक का मुद्दा नहीं बल्कि प्रभु श्रीराम के प्रति आस्था व्यक्त करने का माध्यम है। क्योंकि अगर हमें प्रभु श्री राम को सम्मान देना है तो बजरंगबली, निषादराज और माता शबरी को सम्मान देना होगा। हमें समाज के हर उस तबके को भी सम्मान देना होगा, जिन्होंने उस कालखंड में प्रभु का साथ देकर के राम राज्य की स्थापना की नींव डाली थी।



# अपनी अभिरुचि के अनुसार करियर चुनने को प्राथमिकता दें छात्रः डीएम

- डीएम ने किया पुस्तकालय का किया लोकार्पण, छात्रों को जीवन में बेहतर करने के लिए किया प्रेरित

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

अनुग्रह मध्य विद्यालय में केनरा बैंक के सौजन्य से स्व. महेश नारायण सिंह पुस्तकालय एवं वाचनालय बनाया गया है। डीएम श्रीकांत शास्त्री ने शुक्रवार को इसका लोकार्पण किया। इस मौके पर डीईओ संग्राम सिंह, डीपीओ दयाशंकर सिंह, रवि रौशन, भोला कुमार कर्ण एवं प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह मौजूद रहे। इस मौके पर डीएम ने छात्रों को शिक्षण कार्यक्रम



के साथ-साथ जीवन में बेहतर करने की प्रेरणा दी। उन्होंने छात्रों को अपनी अभिरुचि के अनुरूप करियर चुनने की सलाह दी। कहा कि आरंभिक वर्गों से ही सचेत रहें और शिक्षक भी इसमें मदद करें। बच्चों को पुराने गुरुकुल जैसा संस्कार को भी भूलना नहीं चाहिए। उन्होने कहा कि छात्रों को अच्छे संस्थानों में नामांकन लेने का सुझाव दिया। आईआईटी जैसे संस्थानों में भी लड़कियों को अच्छा ट्रेड मिल सकता है। मौके पर डीईओ संग्राम सिंह ने डीएम के दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों को जिले के सभी स्कूलों में लागू करने की बात कही। प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने डीएम को अनुग्रह स्कूल के गौरवपूर्ण रहे इतिहास एवं उपलब्धियों से अवगत कराया और विश्वास दिलाया कि पुस्तकालय बच्चों के सर्वांगीण विकास में बहुत सहायक साबित होगा।

## चयनित लाभुकों को डीएम ने प्रदान किया चयन पत्र

**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के तहत बस खरीदने के लिए चयनित लाभुकों को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने चयन पत्र दिया। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार एवं संबंधित चयनित लाभुक उपस्थित थे। जिला पदाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना प्रखंडों एवं सुदूर पंचायत को जिला मुख्यालय से जोड़ने का कार्य करेगी। साथ ही इस योजना से युवाओं को रोजगार का अवसर भी मिला है। इसके तहत जिला मुख्यालय के औरंगाबाद सदर प्रखंड को छोड़कर शेष प्रखंडों में इस योजना का लाभ दिए जाने का प्रावधान किया गया है। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस योजना के तहत प्रति प्रखंड अधिकतम 07 लाभुकों को प्रति बस एवं प्रति लाभुक 5,00,000 रुपए का अनुदान भुगतान करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया की योजना के लाभ हेतु परिवहन विभाग, बिहार के वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किया गया है। औरंगाबाद जिला में कुल 205 आवेदन 10 प्रखंडों से प्राप्त हुए हैं। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि मैट्रिक की शैक्षणिक योग्यता के आधार पर अधिकतम अंक एवं समान अंक होने पर अधिक उम्र वाले व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।

## एक नजर

### स्वामी विवेकानंद की जयंती पर निकली शोभायात्रा



**औरंगाबाद।** अखिल विद्यार्थी परिषद गोह इकाई के द्वारा स्वामी विवेकानंद के 161 वीं जयंती पर गोह एसएफडी प्रमुख श्रवण कुमार के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई।यात्रा गोह गांधी मैदान से प्रारंभ होकर गोह बाजार एवं शाहिद चौक होते हुए पशु मेला होते हुए कार्यलय के पास पंहुचकर पुष्पांजलि अर्पित कर समाप्त की गई। इस दौरान पूरा गोह बाजार स्वामी विवेकानंद के जयकारों से गूंज उठा जगह जगह यात्रा में सम्मलित छात्रों पर पुष्पवर्षा कर लोगों ने स्वागत किया। इस मौके पर जिला संयोजक अभय कुशवाहा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गौरव मिश्रा, प्रकाश , काजल कुमारी, सुप्रिया कुमारी , संध्या कुमारी, किशु,नीतीश, बारुंजय ,चंदन कुमार राहुल, सुबोध , सुजीत, मनजीत,अमन, रितेश,सोनू, चंदन उपस्थित रहे।

### अतिक्रमणकारियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर



**जहानाबाद।** सदर अंचल के टेनी विगहा गांव में अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन का बुलडोजर चला है। जिसमें पांच मकान को ध्वस्त किया गया है। अंचलाधिकारी संजय कुमार ने बताया किरंजन यादव, मकरू यादव, समेत पांच लोग सरकारी पइन को भरकर मकान बना लिया था, जिसके कारण नाला निर्माण करने में कठिनाई हो रही थी। इसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा जिला प्रशासन को की गई थी। इन लोगों को नोटिस दिया गया कि सरकारी जमीन से अपने मकान को हटा लें लेकिन नोटिस देने के बाद भी इन लोगों द्वारा मकान नहीं हटाया गया, तभी प्रशासन द्वारा बुलडोजर चला कर मकान को हटाया गया। जैसे ही गांव में बुलडोजर लेकर दलबल के साथ पुलिस पहुंची गांव में हड़कंप मच गया। अंचलाधिकारी ने कहा कि जो लोग भी सरकारी जमीन को अतिक्रमण कर रहे हैं उसे जल्द से जल्द खाली कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगातार अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन का बुलडोजर चलता रहेगा।

### स्वच्छता के लिए सात सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को मिला कायाकल्प अवार्ड



**औरंगाबाद।** बेहतर साफ-सफाई एवं स्वच्छता के लिए सरकारी अस्पतालों को राज्य स्तर से प्रतिवर्ष प्रदान किए जाने वाले 'कायाकल्प अवार्ड' के तहत इस वर्ष अनुमंडल अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की श्रेणी में जिले के सात स्वास्थ्य संस्थानों को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है। इन सातों स्वास्थ्य संस्थानों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में एक-एक लाख रुपए की पुरस्कार राशि प्राप्त होगी। जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो. अनवर आलम द्वारा इस विषय पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया गया कि कायाकल्प अवार्ड योजना के तहत इस बार जिले के आठ संस्थानों यथा अनुमंडलीय अस्पताल, दाउदनगर, रेफरल अस्पताल, हसपुरा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रफीगंज, मदनपुर, देव, ओबरा एवं बारुण तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र औरंगाबाद का मूल्यांकन राज्य स्तरीय दल द्वारा किया गया था। मूल्यांकित आठ संस्थानों में से मदनपुर को छोड कर सात संस्थानों को मानकों के अनुरूप 70 प्रतिशत से अधिक स्कोर प्राप्त हुए हैं, इस हेतु सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। इस क्रम में डीपीएम द्वारा जिले के सभी सातों स्वास्थ्य संस्थानों के उपाधीक्षक, अस्पताल एवं स्वास्थ्य प्रबंधक सहित अन्य सभी पदाधिकारीयों एवं कमीयों को इसके लिए बधाई ज्ञापित किया गया। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ रवि भूषण श्रीवास्तव द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए कहा गया कि यह सुखद है कि जिले के तीन संस्थानों यथा- बारुन, रफीगंज एवं देव को लगातार तीसरी बार यह पुरस्कार प्राप्त हो रहा है वहीं ओबरा को यह पुरस्कार लगातार दूसरी बार प्राप्त हुआ है, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. किशोर कुमार, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मिथिलेश प्रसाद सिंह सहित सभी उपाधीक्षक, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डेवलपमेंट पार्टनर विश्व स्वस्थ्य संगठन, यूनिसेफ, पीरामल फाउंडेशन, यूएनडीपी, जिला स्वास्थ्य समिति के लेखा प्रबंधक अफरोज हैदर, जिला एपिडेमोलोजिस्ट उपेन्द्र कुमार चौबे, डीपीसी नागेन्द्र कुमार केशरी, डीसीएम आनंद प्रकाश आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## खबरें फटाफट

### एनएच-19 से हटा जर्जर फुटओवर ब्रिज

**औरंगाबाद।** एनएच - 19 पर बने जर्जर फुटओवर ब्रिज को हटवा दिया गया। मामला औरंगाबाद ज़िले के घटराईन मोड़ की है। जहां वर्षों पहले निर्मित फुटओवर ब्रिज को सदर एसडीओ के निर्देश पर इंजीनियरों की देखरेख में हटवा दिया गया। दरअसल उक्त ब्रिज काफी पुराना हो चुका था और जर्जर अवस्था में था, जिसे किसी बड़ी अनहोनी की आशंका बनी रहती थी। एनएचआई की तरफ से ब्रिज का रखरखाव न होने की वजह से जर्जर हो गया था जिसके कारण उक्त ब्रिज का इस्तेमाल सामान्यत: न के बराबर था। लेकिन एनएच पर होने के कारण सुरक्षा के दृष्टिकोण से ब्रिज को हटवा दिया गया। हालांकि इस दौरान एनएच-19 पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। किसी तरह घंटों बाद रास्ता सामान्य हुआ। संबधित पदाधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि के दृष्टीकोण से जर्जर फुटओवर ब्रिज को हटवाया गया है। एनएच -19 के बीचों बीच होने के कारण हादसा की संभावना बनी हुईं थी। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने मांग की थी कि उक्त जर्जर ब्रिज को हटवा दिया जाए जिसके मद्देनजर यह कार्रवाई की गई। इस दौरान काफी मशक्कत करना पड़ा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार जख्मी

**औरंगाबाद।** गोह थाने के एसएच 68 नीरपुरा पेट्रोल पंप के समीप बाइक में एक अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया। जिससे बाइक सवार बुरी तरह से घायल हो गया। घायल युवक उपहारा थाने के बुधई खुर्द गांव के निवासी सिद्धनाथ महतो के पुत्र अभिरख कुमार बताया जाता है। जो अपने बाइक से गोह कुछ जरूरी कार्य के लिए जा रहा था। इसी दौरान वह दुर्घटना का शिकार हो गया। घायल युवक को स्थानीय लोगो ने गोह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गया रेफर कर दिया है।

## पूर्व मुखिया विनोद सिंह को गोली मारे जाने के मामले में पुलिस की कार्रवाई तेज

# खटाल संचालक की हत्या में वांटेड दो भाइयों के खिलाफ कुर्की की तैयारी

- पूर्व मुखिया की स्कॉर्पियो पर तीन ओर से की गयी थी फायरिंग, चालाकी से बची थी जान
- हमले में जेल में बंद निरंतर सिंह के दो बेटों सहित पांच के खिलाफ केस
- आरोपितों की धरपकड़ में जुटी पुलिस कर रही छापेमारी, पूछताछ के बाद छोड़े गए दो संदिग्ध

**केटी न्यूज/आरा**

उदवंतनगर थाना क्षेत्र के एकौना गांव के समीप पूर्व मुखिया विनोद सिंह को गोली मारे जाने के मामले में पुलिस की कार्रवाई तेज हो गयी है। गोलीबारी के इस मामले में पूर्व में खटाल संचालक की हत्या में वांटेड दो भाइयों का नाम आने के बाद पुलिस काफी सख्त दिख रही है। पुलिस आरोपितों दोनों भाइयों के खिलाफ कुर्की की तैयारी में जुटी है। उस सिलसिले में पुलिस दोनों के खिलाफ पुलिस कोर्ट भी पहुंच चुकी है। दोनों के खिलाफ कोर्ट से वारंट भी मिल गया है। जल्द ही कुर्की से संबंधी वारंट मिलने की भी उम्मीद हैं।

वांछित दोनों भाइयों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के दक्षिण एकौना गांव निवासी निरंतर सिंह के पुत्र कर्ण और कुणाल शामिल हैं। दोनों तेतरियां गांव निवासी खटाल संचालक की हत्या में फरार चल रहे हैं। उस मामले में निरंतर सिंह फिलहाल जेल में है। इधर, पूर्व मुखिया को गोली मारने के मामले में करण और कुणाल सहित पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पूर्व मुखिया विनोद सिंह के बयान पर दर्ज प्राथमिकी में करण और कुणाल के अलावा नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ निवासी राजू चौधरी और हसन बाजार ओपी क्षेत्र के नोनार गांव निवासी मनीष कुमार को नामजद किया गया है। एक अन्य अज्ञात को भी आरोपित किया गया है। प्राथमिकी में निरंतर सिंह के साथ पूर्व से चल रहे जमीन संबंधी विवाद में हत्या करने की नीयत से गोली मारने का आरोप लगाया गया है।

पूर्व मुखिया की ओर से कहा गया है कि गुरुवार को वह अपने बिजनेस पार्टनर से मिलने दक्षिण एकौना गांव गये थे। दोपहर करीब एक बजे अपनी स्कॉर्पियो से लौट रहे थे। तभी दक्षिण एकौना गांव के समीप आम के पेड़ के पीछे से दो व्यक्ति सामने से फायरिंग करने लगे। अभी वह कुछ समझ पाते तबतक पीछे से भी दो लोगों की ओर से फायरिंग की जाने लगी। एक व्यक्ति द्वारा साइड से भी फायरिंग की जा रही थी। सामने से करण और कुणाल को फायरिंग करते देख वह झुक गये। उस कारण उनकी जान बच गयी और गोली उनके हाथ में लग गई। फिलहाल पूर्व मुखिया का इलाज बाबू बाजार स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में चल रहा है। उधर, घटना के बाद एसपी प्रमोद कुमार यादव के निर्देश पर आरोपितों की धरपकड़ को लेकर टीम गठित कर छापेमारी की जा रही है। उस दौरान पुलिस द्वारा दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी। उसके बाद दोनों को छोड़ दिया गया। बता दें कि एक दिसंबर की रात जीरो माइल के समीप तेतरियां गांव निवासी खटाल संचालक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। उसमें निरंतर सिंह, उनके पुत्र करण और कुणाल सहित चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

## रोहतास में पकड़े गए अपराधियों से भोजपुर के ट्रक लूट की चार घटनाओं का खुलासा

**आरा।** भोजपुर के अपराधी रोहतास व आरा सहित आसपास के जिलों में ट्रक लूट की घटनाओं को अंजाम दिया जाता था। अपराधियों द्वारा मुख्यत: धान और गेहूं लदे ट्रक को टारगेट किया जाता था। अपराधी चालक और खलासी का हाथ पैर बांधकर लूट की वारदात को अंजाम देते थ। रोहतास पुलिस द्वारा गुरुवार को दो लुटेरों की गिरफ्तारी के बाद इसका राज खुला। दोनों भोजपुर जिले के रहने वाले हैं। दोनों की गिरफ्तारी से भोजपुर जिले की ट्रक लूट की चार घटनाओं का भी खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार रोहतास में गिरफ्तार अपराधियों की ओर से सितंबर 22 में चरपोखरी थाना क्षेत्र के नगरांव मोड़ के पास से एक ट्रक व 52 हजार रुपए, 5 दिसंबर 2022 को सिकरहट्टा थाना के कुरमुरी पुल के पास चावल लदा ट्रक, 16 जनवरी 2023 को पीरो थाना क्षेत्र के केसवां प्लांट के पास से धान लदा ट्रक और 28 दिसंबर 2023 को गजराजगंज ओपी क्षेत्र के धमार मोड़ के पास गेहूं लदा ट्रक लूट की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की गयी है। दोनों निशानदेही पर गजराजगंज ओपी की पुलिस लूट में शामिल अन्य लुटेरों की धरपकड़ में जुटी है। पुलिस द्वारा लूटा गया ट्रक पूर्व में अरवल से बरामद कर लिया गया था। हालांकि तब गेहूं बरामद नहीं किया जा सका था। जानकारी के अनुसार इसी साल 8 सहार थाना क्षेत्र के करवासिन गांव निवासी गोल्डन कुमार की ओर से कच्छवां थाने में ट्रक लूट का केस दर्ज कराया गया था। ट्रक को जहानाबाद से बरामद कर लिया गया। साथ में सहार थाने के अनुआ गांव निवासी ओम प्रकाश सिंह को भी गिरफ्तार किया गया। उसके घर से एक लाख दस हजार रुपए नगद कैश बरामद किया गया। पूछताछ में उसने चरपोखरी इलाके से के मनैनी गांव निवासी दिनेश सिंह के खाते में पांच लाख रुपए डालने की बात स्वीकार की।

## कर्पूरी जयंती पर होगा भव्य समारोहः अशोक

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

24 जनवरी को पटना वेटनरी ग्राउंड में जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती शताब्दी धूमधाम से मनाएगी जिसमें ज़िले से बड़ी संख्या में लोग पहुंचेंगे। इसको लेकर प्रदेश के विभिन्न जिलों में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। ताकि समारोह को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया जाएं। यह बात रफीगंज विधान सभा के पूर्व विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने शहर के पार्टी कार्यालय में बैठक के दौरान कहीं। पूर्व विधायक ने कहा कि आम जनता के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और जदयू की लोकप्रियता काफी बढ़ी है। यह समारोह राजनीतिक रूप से ये समय बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने लोगों




का आह्वान किया है कि कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वेटनरी कॉलेज मैदान पहुंचे और उनकी नीतियों व आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लें।

कहा कि कर्पूरी ठाकुर देश के उन चुनिंदा नेताओं में से एक थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन गरीबों, वंचितों की सेवा में अर्पित कर दिया। उनके सेवाभाव के कारण ही समाज की हर जाति, हर वर्ग में आज भी उनके प्रशंसक विद्यमान हैं। इस मौके पर अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक ललन भुईयां, सदर प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह, मंजरी सिंह, विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष सहित अन्य मौजूद रहे।

## दो दिवसीय गजना महोत्सव की तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

दो दिवसीय अयोजित होने वाले गजना महोत्सव की तैयारियों को लेकर सदर एसडीओ विजयंत एवं एसडीपीओ मो. अमानुल्लाह खान की अध्यक्षता में नबीनगर प्रखंड अंतर्गत बैठक की गई। बैठक का संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद कुमार सिंह ने किया। एसडीओ विजयंत ने बताया कि महोत्सव की तैयारी मंदिर प्रांगण में शुरू कर दी गई है। 16 जनवरी से शुरू हो रहे गजना महोत्सव में भोजपुरी गायिका अनुपमा यादव प्रस्तुति देगी। 17 जनवरी को सुरंजन राजवीर द्वारा संगीत प्रस्तुत किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिला के चयनित संगीतकार भी भाग लेंगे। साथ ही दो दिवसीय इस कार्यक्रम में विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया जाएगा। एसडीपीओ मो. अमानुल्लाह खान ने बताया कि महोत्सव को लेकर सुरक्षा की खास व्यवस्था की गई हैं जिसमें विभिन्न जगहों पर पुलिस पदाधिकारी और पुलिस सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। बैठक के उपरांत एसडीओ एवं एसडीपीओ ने गजना धाम में चल रही महोत्सव की तैयारी का जायजा लिया। उनके द्वारा गाड़ी पार्किंग, बिजली, पानी, साफ सफाई, प्रचार प्रसार इत्यादि व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

## धूमधाम से मनाई गई फूल डाक बाबा की वार्षिक पूजा



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

फूल डाक बाबा का वार्षिक पूजा धूमधाम से मनाया गया शहर के दौलतपुर स्थित फूल डाक बाबा का पूजा 1971 से हर साल 12 जनवरी को मनाया जाता है । जिसमें दूर दराज के लोग इस पूजा में शामिल होते हैं। आयोजनकर्ता जयशंकर चौहान ने बताया कि लगभग 52 वर्षों से इस वार्षिक पूजा को आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मान्यता है कि जो लोग भी सच्चे दिल से वरदान मांगते हैं उनकी मनोकामना पूरी होती है। और कई लोगों को मनोकामना पूरी हुई है। जिसके कारण दूर दराज से लोग पूजा में शामिल होने के लिए आते हैं। जयशंकर चौहान ने बताया कि इस जगह बलि देने की प्रथा बहुत दिनों से चली आ रही है जिन लोगों की मनोकामना पूर्ण होती है वह बलि देते हैं। मंदिर को जगमगाती लाइटों से आकर्षक रूप से सजाया गया था। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा में नवीन कुमार, गौतम कुमार ऊर्फ छोटे, अक्षय कुमार, बिट्टू कुमार के अलावा बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी भागीदारी निभाई।






# पिकअप वाहन में तहखाना बना हो रही शराब तस्करी का भंडाफोड़

- 80 कॉर्टन शराब के साथ दो पिकअप व तीन तस्कर गिरफ्तार
- मठिया मोड़ के पास वाहन चेकिंग अभियान के दौरान मिली सफलता
- बरामद शराब की कीमत 15 लाख रुपए के करीब

**केटी न्यूज/बक्सर**

नगर थाने की पुलिस ने शुक्रवार को गुप्त सूचना पर डीआईयू टीम के साथ मिल शराब लदी दो पिकअप को जब्त किया है। पिकअप से 80 कॉर्टन शराब के साथ तीन तस्कर पकड़े गए है। बरामद शराब की कीमत 15 लाख रूपए आंकी जा रही है। वहीं गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ के आधार पर पुलिस उनके नेटवर्क को खंगालने में जुट गई है। जब्त किए गए पिकअप में शराब तस्करी के लिए विशेष तहखाना बनाया गया था।



मिली जानकारी के अनुसार नगर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार को सूचना मिली थी कि शराब तस्कर मठिया मोड़ के रास्ते एक बड़ी खेप लेकर आ रहे है। इस सूचना पर पुलिस और डीआईयू की टीम मठिया मोड़ के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया। वही जब उक्त पिकअप आती दिखाई दी तो उसे रोक पुलिस टीम पूछताछ करने लगी। लेकिन पिकअप का डाला पूरी तरह से खाली था। हालांकि इस दौरान एक तस्कर पुलिस से आंख बचा भागने का प्रयास करने लगा। जिसके बाद पुलिस का शक गहरा गया तथा पुलिस ने उसे दौड़ा पकड़ा तथा पिकअप पर मौजूद दो अन्य तस्करों को हिरासत में ले पूछताछ किया तो तीनों ने बताया कि वे यूपी से शराब की खेप लेकर आ रहे है, जिसकी डिलेवरी डुमरांव में देनी है। इसकी पुष्टि करते हुए सदर डीएसपी धीरज कुमार ने बताया कि दो पिकअप के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जो उत्तर प्रदेश से शराब की खेप लेकर डुमरांव में सप्लाई देने जा रहे थे। गिरफ्तार तस्करों में यूपी बलिया के चितबड़ा गांव का प्रदीप कुमार, भोजपुर जिले के शाहपुर का रिंकू यादव और खिरौली डुमरांव का कन्हैया पाठक शामिल है। जिन्हें गिरफ्तार कर उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है।

## एक नजर

### चोरों ने चुरा लिए 11.5 लाख का तार

**कृष्णाब्रह्म।** बीती रात चोरों ने कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के उड़ियानगंज गांव के समीप से 33 केवीए के 23 स्पैन का तार चुरा लिया है। यह तार रेलवे लाईन के उतर रानीपुर फीडर का था, जिसे कंपनी ने लाकर रखा था। लेकिन चोरों ने इस पर हाथ साफ कर लिया। चोरी गए तार की कीमत करीब साढ़े ग्यारह लाख रूपए है। इस घटना को ले स्थानीय थाना में विद्युत आपूर्ति प्रशाखा कोरान सराय के कनीय अभियंता अर्जुन वर्मा के बयान पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### बिजली चोरी के आरोप में 11 पर एफआईआर

**कृष्णाब्रह्म।** विद्युत आपूर्ति प्रशाखा नया भोजपुर की टीम ने कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के बड़का दीयामान गांव में गुप्त सूचना पर छापेमारी अभियान चला कुल 11 लोगों को बिजली चोरी के आरोप में चिन्हित किया। सभी पर जुमार्ना लगाते हुए स्थानीय थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार टीम ने गोरख धोबी, रबिन्द्र पासवान, तिलेश्वर राय, श्याम बहादुर राय, लाल मुनी देवी, भरत सेठ, रंजू देवी, ममता देवी, हरि शंकर शर्मा, सर्वजीत साह, भजन यादव पर जुमार्ने के साथ एफआईआर दर्ज कराया गया है। एफआईआर नया भोजपुर के कनीय अभियंता चन्दन कुमार के बयान पर दर्ज हुआ है। जेई ने बताया कि बड़े पैमाने पर बिजली चोरी की सूचना मिली थी, जिसके बाद छापेमारी अभियान चलाया गया था।

### गुरु गोष्ठी सह मासिक बैठक का आयोजन

**केसठ।** प्रखंड संसाधन केंद्र केसठ के सभागार में शुक्रवार को गुरु गोष्ठी सह मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेश राम ने व संचालन नसरुद्दीन अंसारी एवं मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से किया। गुरु गोष्ठी में प्राथमिक, मध्य एवं उच्च विद्यालयों के प्रधानाध्यापक शामिल हुए। बीईओ ने समय से चेतना सत्र का संचालन करने, समय से विद्यालय खोलने और बन्द करने को लेकर सख्त निर्देश दिया। उन्होंने मध्यान्ह भोजन, कक्षा कक्ष, शौचालय, विद्यालय परिसर और बच्चों की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने को लेकर निर्देश दिया। इसके अलावा बीईओ ने समय सारणी के अनुसार पठन-पाठन का कार्य संपन्न करने एवं मिशन दक्ष के बारे में नियमित रूप से समय से संचालन करने को लेकर विशेष निर्देश दिया। विदित हो कि नए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के योगदान करने के बाद प्रधानाध्यापकों के साथ यह पहली बैठक थी। मौके पर साधन सेवी अनिल कुमार, मुकेश कुमार, ललन सिंह, विजेंद्र मिश्र, त्रिवेणी राम, विजेंद्र राय, अजय दुबे, किरण कुमारी, पुष्पा कुमारी, गुलाम मुस्तफा समेत अन्य प्रधानाध्यापक मौजूद थे।

### कड़ाके की ठंड के बावजूद केसठ में प्रशासन ने नहीं की अलाव की व्यवस्था

**केसठ।** पिछले एक सप्ताह से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शुक्रवार को भी शीतलहर जारी रही। दूसरी ओर भीषण ठंड में भी प्रशासन की ओर से अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। प्रखंड में कंपकपाती ठंड बढ़ गई है। इस शीतलहर ने गरीब तबकों, बच्चे और वृद्ध की मुश्किलें बढ़ा दी है। ठंड के साथ-साथ कोहरे से भी आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है, लेकिन ठंड से किसी तरह के बचाव का प्रशासन द्वारा इंतजाम नहीं किए जाने से हर कोई आहत है। लोग प्रशासन से आस लगाए बैठे है कि चौक-चौराहों पर अलाव का इंतजाम कर देगी। सड़क किनारे लोग कार्टून और रद्दी कपड़े जला कर ठंड से बच रहे है। अब तक प्रखंड प्रशासन भी हाथ पर हाथ दिए बैठा है। और ठंड बढ़ने का इंतजार कर रही है। मौसम के करवट लेने के बाद बढ़ी ठंड से लोगों की समस्या बढ़ने लगी है। ठंड से परेशान लोग अपने शरीर में गर्माहट लाने के लिए कई तरह के उपाय कर रहे हैं। बढ़ी कंपकंपी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। विशेष तौर पर गरीब परिवार के लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बाजूद इस कड़ाके की ठंड में भी प्रखंड प्रशासन ने सार्वजनिक अलाव की व्यवस्था नहीं की है। फुटपाथ, बस स्टैंड आदि जगहों पर अपना अस्थायी घर बसाए लोगों पर ये ठंड आफत बनकर टूट रही है।



## खबरें फटाफट

### बिजली चोरी करते पांच लोग पकड़ाए जुर्माना के साथ एफआईआर दर्ज

**नावानगर।** रामपुर चकौड़ा फीडर के अंतर्गत गिरिधर बरांव गांव में बिजली चोरी करते पांच लोगों पकड़े गए है। इसको लेकर जेई अवनीश कुमार ने जुमार्ना के साथ सोनवर्षा ओपी में एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर में बताया गया है कि बिजली कंपनी के एसडीओ राकेश कुमार दूबे को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त गांव में कुछ लोगों द्वारा चोरी से बिजली का उपयोग किया जा रहा हैं। सूचना पर एसडीओ के निर्देश पर जेई ने टीम गठित कर उक्त गांव में बिजली जांच अभियान चलाया। जांच अभियान में पांच लोगों द्वारा टोका फंसाकर एवं मीटर बाईपास कर चोरी से बिजली उपयोग करते पकड़े गए। उन्होंने बताया है कि पकड़े गए लोगों में राजेश कुमार यादव पर 110361 रुपए, अरविंद यादव पर 76768 रुपए, ललन सिंह पर 34504 रुपए, दीना यादव पर बकाया समेत जुमार्ना 21000 रुपए तथा हिरामुनी देवी पर बकाया समेत जुमार्ना की राशि 27729 रुपए निर्धारित कर सोनवर्षा ओपी में एफआईआर दर्ज कराया गया है। ज्ञात हो कि बिजली चोरी रोकने को लेकर बिजली विभाग आए दिन जांच अभियान चला रहा है। जांच में बिजली चोरी करते पकड़े जाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया जा रहा है। इसके बावजूद लोग बिजली चोरी करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

## शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व जिला यक्ष्मा केन्द्र का औचक निरीक्षण

# जिला यक्ष्मा केन्द्र का एक्सरे रूम बंद देख भड़के डीएम, रोका कर्मी का वेतन



- निरीक्षण के दौरान मिलीं खामियां डीएम अंशुल अग्रवाल ने कर्मचारियों को हिदायत देते हुए इसे जल्द दुरुस्त करने का दिया निर्देश
- सिविल सर्जन को ड्यूटी रोस्टर अद्यतन संधारित कराने का निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**

शुक्रवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला यक्ष्मा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों जगहों पर खामिया मिली। जिसे देख डीएम बिफर उठे तथा कर्मियों को हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक एवं अन्य कर्मी उपस्थित पाए गए। लेकिन ड्यूटी रोस्टर अपडेट नहीं किया गया था। डीएम ने सिविल सर्जन बक्सर को ड्यूटी रोस्टर अद्यतन संधारित कराने का निर्देश दिया एवं कहा कि ऐसी लापरवाही नहीं चलेगी। दुबारा ऐसी कमी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कर्मियों को समय से आने तथा मरीजों का बेहतर इलाज करने की नसीहत दी।

वहीं जिला यक्ष्मा केन्द्र के निरीक्षण में एक्स-रे कक्ष बंद पाया गया। डीएम ने इसे गंभीर लापरवाही बताया तथा संबंधित कर्मी का एक दिन का वेतन काटने तथा स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया। उन्होंने कहा कि यक्ष्मा केन्द्र का संचालन निर्धारित मानको के अनुसार होना चाहिए तथा मरीजों का इलाज तथा उनके फालोअप में शिकायत नहीं मिलना चाहिए। वही निरीक्षण के क्रम में नवनिर्मित फील्ड अस्पताल को बंद देख डीएम ने सीएस को इसे अविलंब चालू करनवाने को कहा। डीएम ने कहा कि इस समय भयंकर सर्दी पड़ रही है। ऐसे समय में मरीजों का समुचित इलाज करना चाहिए। उन्होंने मौके पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को समय से अपने ड्यूटि का निर्वहन करने की हिदायत भी दी। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के कई अन्य कर्मी व डॉक्टर मौजूद थे।





## कर्मियों की मनमर्जी से संचालित होता है बक्सर का निबंधन कार्यालय, निरीक्षण के दौरान खुला भेद

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर का निबंधन कार्यालय सरकार के कायदे कानून के बदलें वहां कार्यरत कर्मियों की मर्जी से चलता है। इसका खुलासा शुक्रवार को डीएम अंशुल अग्रवाल की जांच में हुआ। जिला निबंधन कार्यालय का औचक निरीक्षण के दौरान दो महिला व एक पुरूष कर्मी गायब मिले। पुरूष कर्मी तो पिछले चार दिनों से गायब था, वही महिला कर्मी नीतू एवं ज्योति शुक्रवार को गायब थीं। उनके संबंध में पूछने पर जिला निबंधक पदाधिकारी कोई ठोस जबाव नहीं दिए। जिसके बाद डीएम ने पुरूष कर्मी का चार दिन का तथा महिला कर्मियों का एक दिन का वेतन काटते हुए उनसे स्पष्टीकरण पूछने को कहा। वही टेबल पर लंबित फाईलों को देख डीएम बिफर उठे। उन्होंने पाया कि गुरूवार को ही निबंधन के लिए 15 दस्तावेज टेबल पर रखे गए थे, लेकिन शुक्रवार को भी उनका निबंधन नहीं किया गया था। ससमय कार्यों का संपादन नहीं होने से नाराज डीएम ने जिला निबंधक पदाधिकारी से इस संबंध में कर्मियों से स्पष्टीकरण पूछने को कहा। डीएम ने कहा इसे बड़ी लापरवाही बताया और कहा कि कार्यसंस्कृति में अविलंब सुधार लाना होगा। लापरवाह व ड्यूटि से गायब रहने वाले कर्मियों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि इस कार्यालय में जिलेभर के लोग आते है। जिन्हें जमीन की खरीद बिक्री के बाद तुरंत दस्तावेज अपडेट कर देना चाहिए। इसके बदले कर्मी लापरवाही बरत रहे है। उन्होंने कहा कि दुबारा ऐसी गलती पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# कोपवां कालीमंदिर में पूरी रात चला सप्तशती का महापाठ

- शीतलहर के बावजूद उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़
- शामिल होने आए थे दूर दराज के लोग

**केटी न्यूज/डुमरांव**

प्रखंड के कोपवां स्थित मां काली मंदिर में गुरुवार की रात अमावस्या तिथि को लेकर महा सप्तशती पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें विद्वान ब्राह्मणों के साथ ही दूर दराज से आए श्रद्धालु उपस्थित थे। इस महा सप्तशती पाठ के श्रवण के लिए कड़ाके की इस ठंड में भी रोहतास, भोजपुर तथा बक्सर के विभिन्न गांवों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे थे।

पाठ शुरू होने के बाद श्रद्धालु पूरी रात टस से मस नहीं हुए। महा सप्तशती पाठ से पहले मंदिर में स्थापित माता की मूर्ति को व मंदिर को शक्तिपीठ बनाने के लिए हवन पूजन भव्य आरती का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि मां काली मंदिर को शक्तिपीठ बनाने के लिए 108 अमावस्या को माता के मंदिर को शक्तिपीठ बनाने के लिए महा सप्तशती का पाठ, हवन, पूजन, आरती करने का निर्णय कमिटी द्वारा लिया गया है।



जिसमें बनारस से आए आचार्य सुशील शास्त्री की टीम के द्वारा 22वीं अमावस्या की पूजा अर्चना धूमधाम से किया गया और पाठ की समाप्ति के बाद अहले सुबह हवन किया गया। हवन की समाप्ति के बाद हजारों लोगो को खीर का प्रसाद वितरण किया गया जहां माता की इस दिव्य साधना पूरी रात चली जहां अंत में हजारों लोगों को प्रसाद के रूप में पूड़ी,खीर सब्जी ग्रहण कराया गया। इस दौरान पूजा कमिटी के सदस्यों ने कहा कि यह प्रयास रहता है कि यहां आने वाले सभी भक्तों को हर प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जाए। साथ ही उनकी सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया जाता है। ताकि रात्रि के समय किसी भी भक्त को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। वहीं ठंड से बचने के लिए भी पूरी तैयारी की जाती है। ठंड से बचाव के लिए हर प्रकार की तैयारी पूरी रखी जाती है। जहां कार्यक्रम में शिरकत करने व माता का आशीर्वाद प्राप्त करने आने वाले श्रद्धालुओं तथा आगत सभी अतिथियों का स्वागत माता की चुनरी देकर कमिटी द्वारा किया गया।

इस मौके पर अमिताभ कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, अवधेश कुमार सिंह, गीता सिंह, नीतू सिंह, डॉ नेहा सिंह, अरुण सिंह पहलवान, विनोद कुमार सिंह, दिव्यांश कुमार, रामेश्वर सिंह, शुभम सिंह, करिया सिंह, मुटुर सिंह, महेंद्र सिंह, सीमा सिंह, प्रिंस सिंह, रामजी सिंह, पप्पू सिंह, प्रदीप सिंह, अरुण, राहुल सिंह, पिंटू सिंह, राजेंद्र सिंह, राजू सिंह, प्रमोद सिंह, अमरेंद्र सिंह, लुलु सिंह, ललू सिंह, धीरेंद्र सिंह समेत अन्य शामिल हुए।

## मतविभाजन में गिरी मसर्हिया पंचायत के उप मुखिया की कुर्सी

**चौगाई।** मसर्हिया पंचायत की उपमुखिया मधु कुमारी के खिलाफ वार्ड सदस्यों द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित हो गया। अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में कुल छह वार्ड सदस्यों ने मतदान किया, जबकि उप मुखिया के समर्थन में कोई वार्ड सदस्य मौजूद नहीं था। बता दें कि इस पंचायत के कुल 10 वार्ड सदस्यों में छह ने अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन किया था। जिसके बाद बीडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी तेज बहादूर सुमन ने नियमों के मुताबिक शुक्रवार को विशेष बैठक बुला मतविभाजन कराया। जिसमें अविश्वास प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित हो गया है। गौरतलब है कि उप मुखिया सह वार्ड 10 की वार्ड सदस्य के खिलाफ वार्ड सात के वार्ड सदस्य संदीप उर्फ मनबोध के नेतृत्व में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था।




## एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में वैश्विक सद्भाव में युवाओं के योगदान विषय पर हुई संगोष्ठी

# स्वामी विवेकानंद के पदचिन्हों पर चलने का लिया संकल्प

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शुक्रवार को जिलेभर में स्वामी विवेकानंद की जयंति युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर डुमरांव के डीके कॉलेज स्थित सेहत केन्द्र एवं एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में वैश्विक सद्भाव में युवाओं के योगदान विषय पर संगोष्ठी एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम दो सत्रों में संचालित हुआ। प्रथम सत्र का शुभारंभ युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इसके बाद संगोष्ठी की शुरूआत हुई। विषय प्रवेश सेहत केन्द्र के नोडल पदाधिकारी डॉ. रमेन्द्र कुमार सिंह ने कराया तथा मुख्य वक्ता के रूप में हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डा उषा रानी ने उनके जीवन एवं दर्शन पर विस्तार से चर्चा की गई और उनके बताए पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया।



### सभापति मिश्र इंस्टिट्यूट में भी मनी जयंति

सभापति मिश्र इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन, डुमरांव में युवा दिवस के अवसर पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्घाटन कॉलेज प्रेसिडेंट चन्दन कुमार मिश्र ने दीप प्रज्वलित कर किया। मंच संचालन बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा निक्की कुमारी ने किया।उक्त सेमिनार में समस्त शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा स्वामीजी के जीवन दर्शन पर विचार रखे गये। चन्दन ने स्वामीजी के उस विचार पर ध्यान आकृष्ट कराया। जिसमें उन्होंने कहा था कि युवाओं को एक खिलाड़ी की भॉति जीवन जीते हुए सफलता–असफलता को सहज भाव से स्वीकार करना चाहिए एवं रूढ़िवादिता एवं परंपराओं की अपेक्षा अपने विवेक को महत्व देते हुए धर्म का पालन करना चाहिये। अंत में दोनों बिंदुओं पर उपस्थित छात्रों को संकल्प दिलवाने के बाद कार्यक्रम संपन्न कराया गया। मौके पर डॉ. एसडी मिश्र, डॉ. एसके दुबे, डॉ टीके राय, धीरज तिवारी, श्वेतप्रकाश राय, पीयूष त्रिपाठी, वन्दना मिश्रा, संतोष कुमार राय, अभिषेक कुमार, कमल नयन, पूजा लक्ष्मी व अन्य मौजूद रहे।



# सांसद की पहल लाई रंग, बलिया के ट्रेन यात्रियों को मिलेगी नई सौगात

♦ अब बलिया स्टेशन से चलेगी नई दिल्ली-वाराणसी सुपरफास्ट ट्रेन

**केटी न्यूज/बलिया**

नई दिल्ली-वाराणसी सुपरफास्ट ट्रेन अब बलिया से चलेगी। मंत्रालय ने बलिया तक विस्तार को हरी झंडी दे दिया है। सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर इस ट्रेन को बलिया तक चलाने की मांग उठाई थी, जो साकार हो गई। इस ट्रेन के चलने से लोगों को राजधानी पहुंचने में आसानी होगी। सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर कहा था कि जिले से बड़ी संख्या में व्यापारियों का दिल्ली आना-जाना लगा रहता है। दिल्ली से आने के बाद ट्रेन नंबर 12581 वाराणसी में खड़ी रहती थी। वह 11 बजे रात को वाराणसी से नई दिल्ली के लिए रवाना होती है, इस गाड़ी को बलिया तक चलाया जाय तो ठीक रहेगा। सांसद की पहल पर रेलवे ने इस गाड़ी का विस्तार बलिया तक कर दिया है। अब यह ट्रेन 3 बजे बलिया पहुंच जाएगी। तकनीकी जांच के लिए 4 घंटे पर्याप्त समय होते हैं। इसके पश्चात रात 8 बजे बलिया से निकलकर निर्धारित समय



11 बजे वाराणसी पहुंच जाएगी। इस ट्रेन का विस्तार होने से पूर्वी छोर पर स्थित बलिया जनपद के लोगों की यात्रा अब सुगम हो जाएगी। नई दिल्ली-वाराणसी सुपरफास्ट ट्रेन का विस्तार होने से जनपद के लोग काफी उत्साहित हैं। सांसद की इस पहल की खूब प्रशंसा हो रही हैं। अब ट्रेन पर चढ़ने के लिए यात्रियों के बीच हायतौबा नहीं मचेगी। चूंकि दिल्ली के लिए बलिया से डायरेक्ट पहले एक ही ट्रेन थी जो कि सिर्फ शुक्रवार को ही बलिया से खुलती थी। इसके अलावा बलिया के लिए डायरेक्ट कोई ट्रेन नहीं थी। लिहाजा यात्रियों को ट्रेन में सवार होने के लिए आपाधापी की स्थिति से गुजरना पड़ता था।

लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। नई दिल्ली-वाराणसी सुपरफास्ट ट्रेन अब बलिया से खुलने से यात्री बड़े ही सहूलियत के साथ ट्रेन में चढ़कर सफर करेंगे। वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों ले इस बात से खुशी व्यक्त किया है कि सांसद के प्रयास से ट्रेन अब वाराणसी के बजाए बलिया से खुलेगी। इससे व्यवसायी वर्ग को काफी राहत मिलेगी। पहले व्यवसायी वर्ग के लोगों को ट्रेन पकड़ने के लिए वाराणसी जाना पड़ता था।

साथ ही अपना माल लाने में भी परेशानी होती है। अब इससे निजात मिलेगा। वह यहीं से ट्रेन पकड़कर चले जाएगें। इससे उनकी सुरक्षा भी रहेगी। साथ ही समय की भी बचत होगी। साथ ही छोटे व्यवसायी जो वाराणसी या अन्य जगहों पर जाते है। उन्हें भी इससे राहत मिलेगी। वहीं स्थानीय लोगों ने कहना है कि अन्य मांगें भी उनलोगों की जल्द पूरी हो जाएगी।

## एक नजर

### प्रग्रापए के नगर अध्यक्ष बने तिलक कुमार



**बलिया।** प्रगतिशील ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के बैनर तले बलिया नगर इकाई का गठन शुक्रवार की दोपहर बहेरी स्थित सूर्योदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। इस दौरान सर्व सम्मति से वरिष्ठ पत्रकार तिलक कुमार को नगर अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इमरान खान, मु. नसीम खान, मंत्री सेराजुद्दीन खान, श्यामजीत कुश्वाहा, सुग्रीव शर्मा चुने गये। इस क्रम में संरक्षक मुशीर जैदी, कोषाध्यक्ष सुनील सेन दादा चुने गये। वहीं सदस्य के रूप में मु. शमीम खान, श्रवण पांडेय, प्रदीप गुप्ता, अनिल कुमार चौबे, मुकेश चौहान, मुदस्सीर अंसारी, मु. महताब आलम चुने गये। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार व नगर अध्यक्ष तिलक कुमार ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत मिश्रा व जिलाध्यक्ष विजेन्द्र नाथ सिंह ने जो जिम्मेदारी सौंपी है। मैं उस पर खरा उतरूंगा। पत्रकारों की हित की लड़ाई लड़ूंगा। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार अखिलानन्द तिवारी के अलावे तमाम पत्रकार साथी मौजूद रहे।

### मदरसा बोर्ड परीक्षा केंद्रों पर हुई चर्चा

**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में मदरसा बोर्ड परीक्षा के केंद्रों के निर्धारण के संबंध में बैठक में संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि मदरसा बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल से पोस्ट ग्रेजुएट तक के कुल 6300 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। यह परीक्षा दिनांक 13 फरवरी,2024 से 21 फरवरी,2024 के मध्य संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों से मदरसो में ही परीक्षा का केंद्र बनाया गया था। जिलाधिकारी द्वारा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये गए कि सभी परीक्षा केंद्रों को निर्धारित मानक के अनुरूप एवं हाईवे के समीप वाले विद्यालयों में ही बनाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि किसी भी ऐसे विद्यालय में सेंटर न बनाएं जहां पर पूर्व में नकल का मामला संज्ञान में आया हो एवं उस विद्यालय के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को पुलिस विभाग से एलआईयू जांच रिपोर्ट लेने के उपरांत ही विद्यालयों पर परीक्षा केंद्र बनाए जाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने यूपी बोर्ड के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर ही मदरसा बोर्ड की परीक्षा संपन्न कराने के भी निर्देश जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को दिए।

### जाति प्रमाण पत्र को लेकर उपद्रव, पांच गिरफ्तार

**मऊ।** गोंड जाति के लोगों द्वारा अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र बनाए जाने को लेकर दो दिन पूर्व तहसील घोसी में उपद्रव करने के उपरांत तहसीलदार आवास का घेराव कर तोड़फोड़ की कोशिश की गई थी। इस पूरे प्रकरण में शांति भंग की आशंका को देखते हुए धारा 151 के तहत आज कुल 5 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, जिनमें राजेश मंडेला पुत्र हरिहर प्रसाद निवासी कस्बा घोसी, लवकुश कुमार पुत्र स्वर्गीय रामरतन निवासी धरौली थाना मऊ,विशाल पुत्र हरिनाथ निवासी अरियाशो थाना व तहसील घोसी, सूरज पुत्र हरिनाथ निवासी अरियासों थाना व तहसील घोसी, रूपेश पुत्र देवनाथ निवासी अरियासों थाना व तहसील घोसिल शामिल है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी घोसी ने बताया कि आंदोलन का नेतृत्व कर रहे किशन लाल द्वारा खुद ही फर्जी तरीके से अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन किया गया है। तहसील परिसर में उपद्रव एवं तहसीलदार आवास के घेराव में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस पूरे प्रकरण में उसकी भूमिका संदिग्ध मानते हुए जांच की जा रही है एवं शीघ्र ही इसकी तलाश कर इसके खिलाफ भी विधि संगत कार्यवाही की जाएगी।

### सरकार की योजनाओं का लाभ लें किसान: सांसद

**गाजीपुर।** बहादुरगंज नगर पंचायत के बगल में शुक्रवार को बलिया लोकसभा के सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं जनता के बीच चल रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने के लिए संकल्प कराया। कहा कि वर्तमान में गांव की तस्वीर बदल रही है। हमारे प्रधानमंत्री कहां सोचते हैं कि कौन हिंदू, कौन मुसलमान हमारे लिए सब बराबर हैं। आत्मनिर्भर भारत ही विकसित भारत बनता है। उन्होंने मोटे अनाज की खेती करने के लिए किसानों को प्रेरित करते हुए सरकार द्वारा सहयोग लेने की बात कही और कहा कि आप सभी किसान भाइयों के लिए गाय पालने के लिए सरकार बिना ब्याज का पैसा दे रही है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मयंक राय, संतोष कुमार गुप्ता, रामायण गुप्ता, राम बिहारी वर्मा, धनंजय कुमार, हरिशंकर राय, कंचन गिरि, सभासद संतोष जायसवाल, सभासद नौशाद अयान, सभासद सत्य प्रकाश बरनवाल, पट्टू बर्नवाल, अल्पसंख्यक मोर्चा विधानसभा प्रभारी आसिफ खान सहित सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## खबरें फटाफट

### विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

**गाजीपुर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि के अवसर पर शास्त्री नगर स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी के साथ दीपदान महोत्सव का भी आयोजन किया गया। महासभा के कार्यकताओं ने इस अवसर पर 501 दीप प्रज्जवलित कर गुदड़ी के लाल कहे जाने वाले शास्त्री जी को श्रृद्धांजलि अर्पित की। महासभा के कार्यकताओं ने इस अवसर पर सार्वजनिक जीवन में नैतिकता और ईमानदारी का पालन करने का भी संकल्प लिया। मुक्तेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव ने शास्त्री को देश का महान नेता बताया।

### चयनित खिलाड़ियों का अगला मैच नोएडा में

**गाजीपुर।** डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह ने बताया कि हाल ही में सम्पन्न अंडर- 14 वर्ग के चयनित हुए आठ पुरुष खिलाडियों का लखनऊ स्थित श्री राममूर्ति स्मारक फंक्शनल एंड इमेजिंग सेंटर में संपन्न चिकित्सीय परीक्षण में आयुष यादव तथा अभिषेक यादव का उम्र अधिक होने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया। शेष सभी खिलाड़ियों का मैच आगामी 14 से 17 जनवरी 2024 तक गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) में होगा। सभी खिलाड़ी अपने मूल आधारकार्ड, मूल जन्म प्रमाण-पत्र साथ में अवश्य लेकर जाए। चयनित खिलाड़ियों में रुद्रांश सोमवंशी, प्रशांत तिवारी, आदित्य सिंह, हर्ष यादव, तौफीक अली एवं अंकित यादव शामिल हैं।

### प्रभुनारायण राय प्रतियोगिता का आयोजन

**गाजीपुर।** सुहवल गांव स्थित इंटर कालेज के खेल मैदान में आजाद स्पोर्टिंग क्लब के तत्वावधान में53वीं अन्तर्राज्यीय स्व. गणेश राय एवं प्रभुनारायण राय मेमोरियल फुटबाल प्रतियोगिता आयोजित है। गुरुवार को पांचवें दिन खेले गए मुकाबले में ताजपुर कुर्रा ने गोडसरा को 2-0 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया। इसी दौरान मैच समाप्त होने से ठीक पहले अंतिम क्षणों में एक बार फिर ताजपुर कुर्रा के खिलाड़ी ने एक और गोल कर टीम को 2- 0 की मजबूत व अजेय बढ़त मैच समाप्त होने तक कायम रखते हुए मुकाबला जीत लिया।

### युवा दिवस के रूप में मनाई गई विवेकानंद जयंती

**चंदौली।** छत्रधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दयालपुर,सदलपुरा के प्रांगण में शुक्रवार को विवेकानंद जयंती को युवा दिवस के रुप में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र-छात्राओं द्वारा बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने कला पेंटिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतुल कुमार सिंह ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमाओं पर पुष्प व दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ अरुण कुमार सिंह ने स्लोगन एवं कला प्रतियोगिता का मूल्यांकन कर छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के पद चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया।

## पुलिस ने एक कंटेनर में 21 राशि गोवंश, एक तंमचा व तीन खोखा कारतूस किया बरामद

# पुलिस मुठभेड़: एक बदमाश को लगी गोली

♦ घायल बदमाश सहित दो गिरफ्तार, चकमा देकर भागने में एक रहा सफल

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

जनपद के भांवरकोल व करीमुद्दीनपुर पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार को संयुक्त चेकिंग की जा रही थी। इसी बीच कुछ संदिग्ध लोगों को पुलिस ने रोका, लेकिन वह भागने लगे। पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायर किया, जिसमें एक गो-तस्कर मुठभेड़ में घायल हो गया। पुलिस ने उसे तथा एक अन्य साथी को गिरफ्तार कर लिया। मौके से एक कंटेनर में 21 राशि गोवंश, एक तंमचा व तीन खोखा कारतूस बरामद करने में सफलता पाई।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के आदेश पर जिले में अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष भांवरकोल द्वारा मय हमराही कुंडेसर (माढूपुर मोड़) पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के निकासद्वार पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहन की चेकिंग की जा रही थी। मुहम्मदाबाद की तरफ से आ रहे एक संदिग्ध कंटेनर को रुकने का इशारा करने पर कंटेनर चालक द्वारा जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर कंटेनर चढ़ाने का प्रयास करते हुए बैरियर तोड़कर भांवरकोल की तरफ भागने लगा। इसकी सूचना आरटी सेट कंट्रोल रूम को देते हुए थानाध्यक्ष भांवरकोल द्वारा उसका पीछा किया गया। सूचना पाकर थानाध्यक्ष करीमुद्दीनपुर पुलिस टीम के साथ भाग रहे कंटेनर को ग्राम कबीरपुर अवथहीं पखनपुरा अंडरपास के पास घेराबंदी कर उसे रुकने का इशारा किया। खुद को दोनों तरफ से पुलिस द्वारा घिरा पाकर कंटेनर चालक व उसमें बैठे दो अन्य लोग बगल में स्थित सागौन के बगीचे में कंटेनर रोक कर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करते हुए उसमें से उतरकर भागने लगे। जिसके आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को गोली लग गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि एक बदमाश मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। उधर एक बदमाश अरहर के खेतों में घुसकर भागने में सफल हो गया।



## एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत के साथ कानूनगो समेत दो को दबोचा

♦ जमीन की पैमाइश के लिए मांगा गया था दस हजार रुपये का रिश्वत

**केटी न्यूज/ बलिया**

शिकायतकर्ता राजेश पांडेय पुत्र स्वर्गीय शारदानंद पांडेय निवासी सिहाचौर कला (वाड़ीगढ़) थाना गड़वार की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने शुक्रवार को मॉडल तहसील बलिया से कानूनगो एवं चपरासी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में एंटी करप्शन टीम के प्रभारी कैलाश चंद ने शहर कोतवाली में लिखित तहरीर दिया। उधर, घटना की जानकारी होते ही कानूनगो व लेखपाल काफी संख्या में कोतवाली पहुंच गए।

तहरीर में उल्लेख किया गया है कि शिकायतकर्ता राजेश पांडेय से गाटा संख्या 94 से 103 की खातेदारों की जमीन पैमाइश के एवज में दस हजार रुपये का रिश्वत लेते हुए राजस्व निरीक्षक विजेंद्र राय पुत्र राम नगीना राय निवासी रसडी थाना सिकंदरपुर जनपद बलिया तथा चपरासी संतोष सिंह पुत्र स्वर्गीय हृदयानंद सिंह निवासी मिड्डा थाना फेफना जिला बलिया (चतुर श्रेणी कर्मी) को मॉडल तहसील बलिया से गिरफ्तार कर कोतवाली लाई। वही उनके पास रिश्वत नोट बरामद किया गया। इस मामले में एंटी करप्शन टीम के प्रभारी कैलाश चंद्र में कोतवाली में तहरीर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक कैलाश चंद्र, निरीक्षक बृजेश द्विवेदी, निरीक्षक श्याम बाबू, निरीक्षक हरवंश कुमार शुक्ला, मुख्य आरक्षी विकास कुमार जायसवाल, कौशल कुमार राय, नंदलाल शर्मा, ओम प्रकाश सिंह यादव, आरक्षी आनंद कुमार, यादव, अमित सिंह, मुकेश पटेल आदि रहे। इस बाबत शहर कोतवाल संजय सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है।

## 25 महिलाओं को भारतीय स्टेट बैंक ने दिया सिलाई मशीन

**केटी न्यूज/ चंदौली**

भारतीय स्टेट बैंक की ओर से प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को सीएसआर के अंतर्गत मां मैत्रीयनी योगिनी संस्थान की ओर से 25 महिलाओं को मुख्यालय स्थित श्रीराधा कृष्ण पैलेस में सिलाई मशीन का वितरण किया गया। इसका शुभारंभ भारतीय स्टेट बैंक वाराणसी अंचल के प्रमुख धीरज कुमार, उप महाप्रबंधक ने सिलाई मशीन देकर किया।

इस दौरान धीरज कुमार ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक आर्थिक रूप से देश के विकास में सर्वाधिक योगदान दे रहा है। साथ ही सामाजिक विकास के लिए भी जो कुछ अधिकतम कर सकता है, उसके लिए निरंतर प्रयासरत है। कहा कि जिन युवती और महिलाओं सिलाई मशीन दिया जा रहा है इससे वह आर्थिक रूप से समृद्ध होकर सशक्तिकरण की ओर कदम बढ़ा सकती हैं। वहीं उन्होंने वित्तीय साक्षरता पर भी जोर दिया। कहा कि भारत सरकार योजना जैसे प्रधानमंत्री



मुद्रा लोन सहित तमाम योजनाओं के माध्यम से बैंक से जुड़कर सहयोग लेकर आत्मनिर्भर बनाने का भी प्रयास किया जा रहा है। निश्चित ही इसका लाभ आप सभी को लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह प्रयास किया जा रहा है कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सबल जाये। ताकि वह अपनी पहचान व व्यवसाय खड़ा कर सके। इस दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक संजय कुमार चौधरी, मुख्य प्रबंधक निशांत श्रीवास्तव, मां मैत्रियनी योगिनी संस्थान के सचिव यशवंत सिंह, मनोज कुमार उपस्थित रहे। संचालन भारतीय स्टेट बैंक के राजभाषा अधिकारी अभिनव विक्रम ने किया।

## बार एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष पद पर तीन और महामंत्री पद पर पांच ने किया नामांकन

**केटी न्यूज/ चंदौली**

सिविल बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के क्रम में शुक्रवार को नामांकन की प्रक्रिया गहमागहमी के बीच सम्पन्न हुईं। इस दौरान अध्यक्ष पद पर राकेश रत्न तिवारी समेत वीरेंद्र प्रताप सिंह व राजेश कुमार दीक्षित ने नामांकन कर लड़ाई त्रिकोणी बना दी। वहीं महामंत्री पद पर पांच आवेदन हुए, जिससे अबकी बार अध्यक्ष पद के साथ ही महामंत्री पद पर जोरदार लड़ाई के आसार दिख रहे हैं।

इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर लवकुश पटेल के साथ ही अजय कुमार मौर्य ने नामांकन कर अपनी दावेदारी पेश की। सिविल बार भवन में नामांकन की प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप तय पर शुरू हुआ। शुक्रवार को अध्यक्ष पद के साथ ही महामंत्री ताबड़तोड़ कई नामांकन हुए, जिससे पूरे दिन चुनाव को लेकर कचहरी परिसर में चचाएं व्याप्त रहीं। अध्यक्ष पद पर डा. बीरेंद्र प्रताप सिंह, राजेश कुमार दीक्षित तथा राकेश रत्न तिवारी ने नाम



निर्देशन पत्र दाखिल किया। महामंत्री पद पर अनिल कुमार सिंह, अरुण कुमार पाण्डेय, गौरव सिंह, हरेन्द्र प्रताप सिंह तथा रामकृत ने अपना पर्चा दाखिल किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अजय कुमार तथा लवकुश कुमार पटेल ने अपना दावा ठोंका, जबकि उपाध्यक्ष दो पद (10 वर्ष से ऊपर) पर चंदन सिंह एवं राजू प्रसाद ने नामांकन किया। वहीं उपाध्यक्ष कनिष्ठ दो पद (10 वर्ष से नीचे) पर मिथिलेश सिंह एवं संतोष कुमार सिंह ने पर्चा भरा। संयुक्त मंत्री तीन पद के सापेक्ष दो ही लोगों क्रमशः अनिल मौर्य और संदीप पाण्डेय ने नामांकन किया। कार्यकारिणी 6 पद (15 वर्ष से ऊपर) पर अशफाक अहमद, राम जनम राम, बंश नारायण सिंह, रणधीर सिंह, राजेन्द्र तिवारी व विजय साहु ने नामांकन किया। इसके अलावा कार्यकारिणी 6 पद (15 वर्ष से नीचे) पर केवल तीन ही नाम निर्देशन पत्र पड़े, जिसमें जिसमें अजय कुमार, सूर्यकांत उपाध्याय तथा रामशिला तिवारी ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। यह जानकारी वरिष्ठ समिति के चंद्रमौलि उपाध्याय ने दिया।

## नेहरु युवा केंद्र के तत्वावधान में तत्वबोध इंटर कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन

# युवा सप्ताह के रूप में मनाया गया स्वामी विवेकानन्द का जन्मदिन

**केटी न्यूज/ मऊ**

नेहरु युवा केंद्र के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिन को युवा सप्ताह के रूप में आयोजित किया गया। स्वामी विवेकानंद के चित्र पर भाजपा जिलाध्यक्ष नुपुर अग्रवाल ने माल्यार्पण एवं द्वीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम तत्वबोध इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा की स्वामी विवेकानंद जी ने जब सिकागो के हाल में संबोधित किया उस समय उनके उद्बोधन से पुरे सिकागो हाल



तालियों से गडगडा उठा स्वामी विवेकानंद के प्रेरणा स्त्रोत उद्बोधन को आज के युवा पीढ़ी को एक नई उर्जा मिल सकती है आज के युवाओं को उनके लिखी हुई किताबो का अध्यन कर अपने चरित्र को मजबूत किया जा सकता है। अंजनी कुमार पाण्डेय सीओ सिटी मऊ ने अपने उद्बोधन में कहा की एक सौ पच्चीस साल पूर्व स्वामी विवेकानंद जी के विचार पहले ही हमें दे दिए थे उसे आज के युवाओं को ग्रहण करने की आवश्यकता है। देश का भविष्य आज के के युवाओं के हाथ में है। जब आप आगे बढ़ जायेंगे। तो आप अपने दशा और दिशा को तय कर सकते है। इसी क्रम में प्रवक्ता द्वीप नारायण यादव जी ने उद्बोधन में कहा की आज के परिवेश में अपने जीवन जीने का कार्य करना है तो देश के बारे में चिंतन करने की आवश्यकता स्वयं को अनुशासित होना पड़ेगा। डॉ.एस.सी. तिवारी ने कहा की नारी शक्ति को हमें सम्मान देने की आवश्यकता है। राष्ट्र को मजबूत करने के लिए हमारे युवा पीढ़ी को आगे आकर के राष्ट्र के मुख्या धारा में जुड़ना होगा युवाओं के कंधे पर ही कल का भविष्य टिका है इसी क्रम में जीवन राम इंटर कॉलेज के प्रवक्ता मृतुन्जय तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जातिवाद छुवा-छुत भेद-भाव को स्वामी विवेकानंद जी ने आज के 125 साल पूर्व में ही अपने विचार को व्यक्त कर दिया था।

